एक नजर

रूपईडीहा आईसीपी रोड पर पुलिया के नीचे युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र में आईसीपी बाईपास रोड से करीब 500 मीटर दूर एक पुलिया के नीचे बुधवार सुबह युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव से दुर्गंध आने पर स्थानीय बच्चों की नजर उस पर पड़ी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिया के नीचे शव पड़ा होने की सूचना स्थानीय लोगों ने रूपईडीहा पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और स्थानीय लोगों से उसकी पहचान कराई। मृतक की पहचान नई बस्ती, रूपईडीहा निवासी पिंटू कश्यप (30) पुत्र चेतराम कश्यप के रूप में हुई। युवक की पहचान होने के बाद उसके परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई।परिजनों के मुताबिक, पिंटू नवरात्रि की अष्टमी के दिन महाआरती के लिए आवश्यक सामान खरीदने बाजार गया था। बताया जाता है कि उसे एक किराने की दुकान पर भी देखा गया था, लेकिन इसके बाद वह लापता हो गया। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह करीब नौ बजे पुलिया के नीचे उसका शव मिलने की सूचना से परिवार में मातम छा गया।मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पत्रकारों की 10 सूत्रीय मांगों पर डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

गोंडा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की ओर से पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित 10 सूत्रीय मांगपत्र पर प्रशासन ने संज्ञान लिया है। आयुक्त देवीपाटन मंडल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी गोंडा ने संबंधित अधिकारियों को मांगों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।ज्ञापन में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े मुद्दे उठाए गए हैं। प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों से नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा है।

गोंडा में भी होगा बदलाव

गोंडा। रेलवे प्रशासन ने गोरखपुर-इज्जतनगर-गोरखपुर एक्सप्रेस (15009/15010) के संचालन समय में एक नवंबर से बदलाव करने का निर्णय लिया है। संशोधित समय-सारिणी के अनुसार, दोनों दिशाओं में ट्रेन के गोंडा पहुंचने और यहां से रवाना होने के समय में परिवर्तन होगा।रेलवे प्रशासन के अनुसार, ट्रेन संख्या 15009 गोरखपुर-इज्जतनगर एक्सप्रेस गोरखपुर से रात नौ बजे रवाना होगी। अगले दिन यह ट्रेन गोंडा से रात 1:40 बजे प्रस्थान कर सुबह 11:35 बजे इज्जतनगर पहुंचेगी।वापसी में ट्रेन संख्या 15010 इज्जतनगर-गोरखपुर एक्सप्रेस इज्जतनगर से शाम पांच बजे रवाना होगी। अगले दिन ट्रेन गोंडा से रात 2:30 बजे प्रस्थान कर सुबह सात बजे गोरखपुर पहुंचेगी।रेलवे के इस बदलाव को देखते हुए यात्रियों को एक नवंबर से पहले संशोधित समय-सारिणी की जानकारी लेकर ही यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी जाती है।

शादी का झांसा देकर युवती को ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

गोंडा। धानेपुर थाना क्षेत्र में 23 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने गांव के ही एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने और घर से जेवर भी ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, पीड़ित पिता धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी है। उसका आरोप है कि 20 अक्टूबर की रात करीब 12:30 बजे गांव का ही अजय चौहान पुत्र स्वर्गीय रामदयाल चौहान उसकी 23 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया।पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि युवती को ले जाने के दौरान घर के जेवर भी ले जाए गए। घटना की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की।धानेपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस की जांच के बाद ही घटना से जुड़े तथ्यों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

नम आँखो से माँ दुर्गा को दी गई विदाई

चांदा। शारदीय नवरात्रि के बाद बुधवार को चांदा कस्बे में माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। दोपहर बाद शुरू हुआ विसर्जन कार्यक्रम देर रात करीब एक बजे तक चलता रहा। इस दौरान पूरा कस्बा माता के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। जगह-जगह उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़, आकर्षक शोभायात्रा और आतिशबाजी के बीच मां दुर्गा को विदाई दी गई। विसर्जन के समय श्रद्धालु भावुक नजर आए और नम आंखों से मां भगवती को विदा कर अगले वर्ष फिर आने की कामना की।विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों की ओर से निकाली गई शोभायात्रा नगर के सभी प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। सजी-धजी गाड़ियों पर विराजमान देवी प्रतिमाओं के दर्शन के लिए सड़क के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर युवा और अन्य श्रद्धालु जमकर थिरके। माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई, जिससे उत्सव का माहौल और रंगीन हो गया।

शिक्षक विधान परिषद का चुनाव कल प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक मुख्यालय पर 66 शिक्षक करेंगे मतदान

चांदा।अयोध्या-गोरखपुर शिक्षक विधान परिषद सदस्य निर्वाचन को लेकर विकास खंड प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक मुख्यालय पर मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को मतदान संपन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टी ब्लॉक मुख्यालय पहुंच गई। मतदान केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र पर कुल 66 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 49 पुरुष और 17 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी डॉ. प्रेमचंद अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ मतदान केंद्र पर पहुंच गए हैं। पोलिंग पार्टी के पहुंचने के बाद मतदान केंद्र पर आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। वहीं, चुनाव व्यवस्था की निगरानी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र चौधरी की भी तैनाती की गई है।मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी पहुंच गया है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। मतदान केंद्र पर तैनात अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय के अनुसार मतदान संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाएंगे।

संदिग्ध परिस्थितियों में धान के खेत में मिला किशोर का शव

अमेठी । थाना क्षेत्र संग्रामपुर अंतर्गत गुरुवार को पांडेय का पुरवा गूजीपुर गांव में धान के खेत में एक किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सतीश वर्मा पुत्र बद्री प्रसाद वर्मा के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार किशोर का शव गुरुवार दोपहर गांव से कुछ दूरी पर स्थित धान के खेत में संदिग्ध हालत में मिला। सूचना पर पहुंची संग्रामपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। मृतक की मां विमला देवी और पिता बद्री प्रसाद वर्मा ने बताया कि उनका बेटा सतीश सोमवार 19 अक्टूबर की शाम गांव के ही दो युवकों के साथ घर से निकला था उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। गुरुवार को खेत में शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए दो युवकों की भूमिका पर संदेह जताया है। साथ ही विशेषरगंज के एक चाट व्यवसायी की भूमिका को भी संदिग्ध बताया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी अमेठी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने परिजनों से पूछताछ कर जानकारी ली। मामले में एसओजी टीम को भी लगाया गया है जो सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।संग्रामपुर थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

अम्बेडकरनगर। गोरखपुर. फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन. 2026 को निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियां निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ईशा प्रिया एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योत्स्ना बंधु की मौजूदगी में मतदान कार्मिकों को आवश्यक दिशा. निर्देश दिए गए।रवानगी से पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ब्रीफिंग में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान कार्मिक भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशों और निर्धारित नियमों के अनुसार पूरी निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएं। समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के साथ ही किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद मतदान कार्मिकों को आवश्यक निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराकर अपने.अपने केंद्रों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने को कहा गया। शिक्षक निर्वाचन के लिए नौ मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां कुल 2891 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। इस दौरान जिला विकास अधिकारी सविता सिंहए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डा. महेश चंद्र द्विवेदी समेत संबंधित अधिकारी व निर्वाचन कार्मिक मौजूद रहे।

विद्यालय तक पक्की सड़क नहीं

गिरंट बाजार श्रावस्ती। विकास खण्ड जमुनहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरन्ट में बने कस्तूरबा गांधी इंटर कालेज तक जाने के लिए पकडंडी रास्ते के सहारे आना जाना पड़ रहा है। राजकीय पालीटेक्निक कालेज पहुंचने के लिए आज भी कच्चा रास्ता है। जिसके चलते रोज आने.जाने वाले छात्र.छात्राओं व शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हरदत्त नगर गिरंट के ग्राम प्रधान विजय भाजपा मंडल अध्यक्ष मंटू यादव राजेश कुमार आर्याउर्फ तिवारी संदीप जयसवाल ए राजेश सिंह शिवम् गुप्ता ए शिक्षक रमेश कुमार यादव लोगों ने कस्तूरबा गांधी इंटर कालेज ए राजकीय पालीटेक्निक कालेज तक आने जाने के लिए पिच रोड बनवाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

ईको वैन वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सिंहपुर,अमेठी।इन्हौना थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर गलत दिशा से आ रही ईको वैन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई जब कि दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है। सुल्तानपुर जनपद के लौहारामऊ गांव निवासी राकेश पाल और धीरज विश्वकर्मा अपनी मोटर साइकिल से लखनऊ किसी काम से जा रहे थे।तभी इन्हौना थाना क्षेत्र के गोसाई का पुरवा राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर गलत दिशा से लखनऊ की तरफसे आ रही ईको वैन से बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे राकेश पाल की मौके पर ही मौत हो गई जब कि साथी धीरज विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर भेजा गया है।सूचना पर पहुची इन्हौना की पुलिस जांच में जुट गई है वही ईको वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

सीएचसी अधीक्षक ने किया कोल्ड चेन का निरीक्षण,वैक्सीन के रखरखाव की जांची व्यवस्था

कैसरगंज,बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा.एन.के. सिंह ने गुरुवार को सीएचसी परिसर में स्थापित कोल्ड चेन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वैक्सीन के भंडारण, रखरखाव और उपलब्ध स्टॉक की स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधीक्षक ने आईओ संगीता श्रीवास्तव से विभिन्न प्रकार की वैक्सीन की उपलब्धता और उनके सुरक्षित रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर में दर्ज विवरण का वैक्सीन के उपलब्ध स्टॉक से मिलान भी किया। स्टॉक सही पाए जाने और कोल्ड चेन की व्यवस्था संतोषजनक मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।डॉ. सिंह ने ऑनलाइन रिपोर्टिंग से संबंधित आंकड़ों की भी जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। बच्चों और पात्र लाभार्थियों को समय पर टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए वैक्सीन के सुरक्षित भंडारण और पर्याप्त उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

ड्यूटी में लगे जवानों को किया ब्रीफ

अम्बेडकरनगर। खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक.चौबंद कर दी है। शुक्रवार को होने वाले मतदान के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने ड्यूटी में नामित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।एसपी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशरू पालन करने तथा मतदान केंद्रों पर शांति एवं कानून.व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल उच्चाधिकारियों को दें। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

दसवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए साहित्यकार सत्यव्रत सिंह

कैसरगंज ,बहराइचे। जिले के साहित्यकार एवं शिक्षाविद् स्वर्गीय सत्यव्रत सिंह की दसवीं पुण्यतिथि पर नगर पंचायत कैसरगंज के ग्राम गुथिया स्थित उनके आवास पर यज्ञ एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके साहित्यिक योगदान और व्यक्तित्व को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम के आयोजक सत्यवीर सिंह रहे। इस अवसर पर आर्य समाज यमलार्जुनपुर, कैसरगंज के कार्यवाहक प्रधान वसंतलाल आर्य, कोषाध्यक्ष गंगाप्रसाद मौर्य, सभासद योगेंद्र सिंह, आर्य समाज फखरपुर के प्रधान सत्यनारायण गुप्त तथा आर्य समाज बहराइच के विजय प्रकाश शास्त्री को सम्मानित किया गया।डॉ. सत्यभूषण सिंह ने बताया कि उनकी 19वीं पुस्तक 'मैं और मेरी कविता' का प्रकाशन आगामी जनवरी में होने जा रहा है। इस जानकारी से उनके साहित्यिक योगदान और लेखन परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में हो रहे प्रयासों की जानकारी मिली।

सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पीठासीन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

श्रावस्ती। गोरखपुर.फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन.2026 को सकुशल एवं निविघ्न ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जोनलए सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को जिलाधिकारीध्सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अन्नपूर्णा गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसरध्जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में 05 मतदेय स्थल बनाये गये हैए जिसके तहत कुल 1004 मतदाता है। मतदान 23 अक्टूबरए 2026 को प्रातः 08:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक सम्पन्न कराया जाएगा। जिलाधिकारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में लगे समस्त जोनलए सेक्टर मजिस्टेऊट सहित समस्त अधिकारीए कर्मचारी निष्पक्ष एपारदर्शिता एस्वतंत्रता के साथ निर्वाचन कराएं इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये क्योंकि निर्वाचन कार्य बहुत ही संवेदनशील होता है इसको गभ्भीरता से लेंए ताकि मतदान के समय किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होने सेक्टरए जोनल मजिस्ट्रेट से कहा कि प्रशिक्षण के उपरान्त ही मतदान हेतु पोलिंग पार्टिया कलेक्ट्रेट से रवाना होगी। पोलिंग पार्टी के सभी कार्मिकों को एकसाथ वाहनों में गन्तव्य स्थल के लिए रवाना किया जाए और पीठासीन अधिकारी द्वारा ली जाने वाली सभी सामग्री का मिलान भी ढ़ग से करा लेए ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल एंव निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराया जा सके।

अज्ञात महिला का मिला शव

श्रावस्ती। थाना गिलौला क्षेत्र अन्तर्गत सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गयी है।मिली जानकारी के अनुसार थाना गिलौला क्षेत्र के राजापुर खुर्द में अनूप यादव के मकान के सामने अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला। महिला के दाहिने हाथ और चेहरे पर चोट के निशान थे। शव के पास एक पन्नी में काले रंग का बुर्का श्रृंगार का सामानए कंघीए पाउडर और एक मोबाइल चार्जर मिला। महिला ने गेरुआ रंग के कपड़े पहने थे। उसके कानों में पीली धातु के गहने और पैरों में पायल थीं। हाथों में मेहंदी भी लगी थी। पुलिस ने शव को पहचान के लिए जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया है।

डीएम और एसपी की मौजूदगी में पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

अमेठी । गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के मतदान को निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने तहसील गौरीगंज से 9 पोलिंग पार्टियों को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए 3 रिजर्व पोलिंग पार्टियां भी तैयार रखी गई हैं। पोलिंग पार्टियों की रवानगी से पूर्व तहसील गौरीगंज सभागार में मतदान कार्मिकों की ब्रीफिंग की गई तथा उन्हें निर्वाचन सामग्री वितरित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित निर्वाचन नियमों का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित करें। सभी कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षता सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करें ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियां अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर समय से पहुंचकर मतदान से संबंधित व्यवस्थाओं का भली-भांति निरीक्षण कर लें। निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता आवश्यक अभिलेखों तथा अन्य व्यवस्थाओं को पहले से सुनिश्चित कर लिया जाए। मतदान के दौरान निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरी पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनपद में कुल 9 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों पर 23 अक्टूबर 2026 को प्रातः 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मतदान होगा। इस निर्वाचन में जनपद के कुल 1099 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं निर्बाध ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने मतदान के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे। पुलिस बल पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ तैनात रहेगा ताकि मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी भी परिस्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा समन्वय के साथ निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व /उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं निर्वाचन कार्मिक उपस्थित रहे।

सद्‌गुरु कबीर साहेब के आदर्शों का करें अनुसरण-राकेश कुमार

विश्व कबीर विचार मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन / कबीर मेला-अयोध्या
आध्यात्मिक सम्मेलन एवं भण्डारा

अयोध्या धाम। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अश्विन शुक्ल नवमी तिथि पर श्रीकबीर धर्म मंदिर जियनपुर, अयोध्या में तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला का शुभारंभ हुआ। अवसर श्रीकबीर धर्म मंदिर के संस्थापक स्वरूपलीन सदगुरु रामसूरत साहेब और निर्माता उदार साहेब के पुण्य स्मृति का है। विचार गोष्ठी में कबीर मेले के मुख्य उद्घाटनकर्ता राज्य सूचना आयुक्त राकेश कुमार ने कहा कि सदगुरु कबीर साहेब जैसा संत ना इस संसार में हुआ है और ना होगा। उन्होंने समाज को एक सही आइना दिखाया। उनका मानना था कि इस समाज में ना कोई छोटा है, ना कोई बड़ा, ना कोई ऊंचा, ना कोई नीचा। सभी लोग बराबर हैं कबीर साहेब निर्गुण उपासक थे। हम सबको कबीर के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए और उनके विचारों को अपने व्यवहारिक जीवन में उतारें। मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाइकोर्ट के निवर्तमान जस्टिस सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि हम सब सदगुरु कबीर साहेब के विचारों को अपने चरित्र में उतारने का प्रयास करें। कबीर साहेब ने वाह्य आडंबर, रूढ़िवादिता का हमेशा विरोध किया। उनके आदर्श समाज के लिए सर्वोपरि हैं। वह एक अच्छे समाज सुधारक थे। उनका आदर्श समाज के लिए प्रेरणादायी रहा है। सदगुरू कबीर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। मुख्य वक्ता लखनऊ हाइकोर्ट के अधिवक्ता एमबी सिंह ने कहा कि निर्गुण उपासना द्वारा सदगुरु कबीर साहेब ने भक्ति का मार्ग चुना। समाज के परिवर्तन में उनका बहुत बड़ा योगदान है। श्रीकबीर धर्म मंदिर जियनपुर के अध्यक्ष आचार्य महंत उमाशंकर दास ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने सन् 2005 में कबीर मेला की शुरुआत की थी। यह 21वां सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला है। इस मठ की स्थापना सदगुरु रामसूरत साहेब ने की थी। जिनकी पुण्य स्मृति में हर साल कबीर मेले का आयोजन होता है। विश्व कबीर विचार मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मनमोहन साहेब ने कहा कि सदगुरु कबीर दास ने अपने ज्ञान के द्वारा वाह्य आडंबर, छुआछूत दूर किया। उन्होंने समरसता का संदेश दिया।

उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। साकेत छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रामचंदर वर्मा ने कहा कि संत कबीर दास ने सामाजिक समरसता को स्थापित कर रूढ़िवादिता, सामाजिक अन्याय, अत्याचार को समाप्त किया।विचार गोष्ठी में महंत गोविंद दास शास्त्री, महंत केशव साहेब, महंत रामप्रसाद साहेब, महंत विवेक ब्रह्मचारी, महंत दुर्गेश साहेब, समाजसेवी सुरेश यादव, प्रो. अनिल विश्वकर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पहले पूर्व जस्टिस, राज्य सूचना आयुक्त, संत-महंतों समेत अन्य लोगों ने मठ के संस्थापक सद्गुरु रामसूरत साहेब व मठ के निर्माता उदार साहेब की चूड़ामणि चौराहा स्थित समाधि स्थली पर जाकर श्रद्धासुमन भी अर्पित किया। वहीं श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर के अध्यक्ष आचार्य महंत उमाशंकर दास द्वारा आए हुए अतिथियों, संत-महंत और धर्माचार्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

एक नजर

योगी सरकार के जीरो टॉलरेंस को ठेंगा, बनीकोडर ब्लॉक में जेसीबी से खुदा तालाब, कागजों पर 179 मजदूरों ने चलाया फावड़ा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। योगी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करती है, लेकिन बनीकोडर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सकतपुर में सब कुछ उल्टा चल रहा है। यहां पाठक तालाब के नाम पर ऐसा खेल चल रहा है जिसे देखकर आप दंग रह जाएंगे। **जमीन पर जेसीबी, कागज पर मजदूर** हकीकत में तालाब की खुदाई जेसीबी मशीन से धड़ल्ले से की जा रही है, जबकि कागजों पर वीबीजी राम जी पोर्टल पर ऑनलाइन 179 मजदूरों की हाजिरी चढ़ा दी गई। सीधा हिसाब है - डीजल जला मशीन का और पैसा निकला मजदूरों के नाम पर। **लाखों का बंदरबांट, आखिर जिम्मेदार कौन?** सवाल सीधा और संगीन है। जब तालाब जेसीबी खोद रही है तो ये 179 मजदूर कहां फावड़ा चला रहे हैं? इनकी फर्जी हाजिरी को किसने सत्यापित किया? साफ है कि सचिव, प्रधान और रोजगार सेवक की मिलीभगत से सरकार के लाखों रुपये का बंदरबांट किया जा रहा है। यह मनरेगा और सरकार की मंशा के साथ खुला धोखा है। इस पूरे फर्जीवाड़े पर जब बीडीओ शुभम बरनवाल से बात की गई तो हमेशा की तरह वही घिसा-पिटा जवाब मिला - **जांच कराई जाएगी।**अब सवाल उठता है कि जांच कब होगी और इस भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कब होगी, या फिर जांच के नाम पर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा?

बाबा मस्तराम दास आश्रम,उमड़े श्रद्धालु, भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

निंदूरा, बाराबंकी। कुर्सी क्षेत्र के बहरौली स्थित बाबा मस्तराम दास आश्रम में पूर्णिमा से पहले गुरुवार को आयोजित हवन-पूजन में हजारों श्रद्धालु पहुंचे। लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, बहराइच, हरदोई और रायबरेली समेत कई जनपदों से आए भक्तों ने दर्शन-पूजन किया। सुबह से देर शाम तक आश्रम में भीड़ रही और दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं।आश्रम में वर्षों से पंचमेवे से हवन करने की परंपरा है। श्रद्धालुओं ने परिवार सहित अनुष्ठान में भाग लिया। परिसर में आयोजित भंडारे में पूड़ी-सब्जी और खीर का प्रसाद वितरित किया गया। आश्रम के बाहर पूजा सामग्री, खिलौने और खानपान की अस्थायी दुकानें भी लगीं। श्रद्धालुओं की आवाजाही से स्थानीय दुकानदारों के साथ ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को भी रोजगार मिला। हवन के बाद भक्त भभूति को प्रसाद स्वरूप अपने साथ ले गए।

मां दुर्गा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा कस्बा

जैदपुर, बाराबंकी। शारदीय नवरात्र के समापन पर कस्बे के गढ़ी कदीम स्थित प्राचीन शिव मंदिर से मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। श्री शिव शंकर धर्मार्थ सेवा समिति के नेतृत्व में निकली यात्रा में पीले वस्त्र धारण किए श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते और अबीर-गुलाल उड़ाते हुए आगे बढ़े। धार्मिक धुनों पर युवा और बच्चे झूमते रहे। शोभायात्रा में महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी रही।सजे-धजे ऊंट-घोड़े, नासिक ढोल, डीजे, ब्रास बैंड, आतिशबाजी, नृत्य मंडली, अग्नि के गोले और भस्म की होली प्रस्तुत करते कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। इंस्पेक्टर संतोष सिंह के नेतृत्व में जैदपुर पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम किए। इस अवसर पर समिति संयोजक शैलेंद्र जायसवाल, विवेक मौर्य, गंगा सोनी, डब्बू जायसवाल, श्यामू जायसवाल और गोलू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

इलेक्ट्रिक कार और रोडवेज बस की आमने-सामने टक्कर, तीन घायल

मसौली, बाराबंकी। शहाबपुर नहर पुलिया के निकट गुरुवार भोर इलेक्ट्रिक कार और रोडवेज बस की आमने-सामने टक्कर में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और हाईवे पर करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। दिल्ली से बहराइच जा रही इलेक्ट्रिक कार शहाबपुर नहर के पास पहुंची, तभी रामनगर से बाराबंकी की ओर जा रही रोडवेज बस से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों की पहचान बहराइच जिले के प्रयागपुर थाना क्षेत्र के कोटाबाजार निवासी अंकित वैश्य, शक्ति वैश्य और रिंकू सिंह के रूप में हुई है। हादसे के बाद राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मसौली पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की कतारें लगने से राहगीरों को परेशानी हुई।

न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

निंदूरा, बाराबंकी। न्याय पंचायत कुर्सी की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय हेमापुरवा में आयोजित हुई। इसमें प्राथमिक और जूनियर स्तर के बालक-बालिकाओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग में कुर्सी के कुंवरपाल और बालिका वर्ग में कल्लूपुरवा की अरीबा प्रथम रहीं। जूनियर स्तर के बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय बहरौली के सलमान तथा बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय कुर्सी की आराध्या ने पहला स्थान हासिल किया। लंबी कूद में यूपीएस टिकैतगंज के शशांक प्रथम रहे। संयोजिका ममता देवी ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि इंदु श्रीवास्तव ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

विधान परिषद चुनाव, पहचान पत्र जरूरी, नौ वैकल्पिक दस्तावेजों से भी कर सकेंगे पहचान प्रमाणित

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत 23घ अक्टूबर को होने वाले मतदान में मतदाताओं को अपनी पहचान प्रमाणित करनी होगी। प्रतिरूपण रोकने के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी होने वाले मतदाताओं को मतदान से पहले इसे प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। रिटर्निंग ऑफिसर विजय विश्वास पंत के अनुसार, मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध न होने पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, भारतीय पासपोर्ट, सरकार या निजी औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, सांसदों-विधायकों-पार्षदों के सरकारी पहचान पत्र, संबंधित शैक्षिक संस्थान द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, विश्वविद्यालय की डिग्री या डिप्लोमा का मूल प्रमाणपत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर पहचान प्रमाणित की जा सकती है।

बाहरी कार्यकर्ताओं को छोड़नी होगी सीमा

अयोध्या। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए प्रचार अभियान समाप्त हो गया है। इसके बाद प्रशासन ने ऐसे बाहरी राजनीतिक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जनपद की सीमा छोड़ने के निर्देश दिए हैं, जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं। जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले प्रचार अभियान बंद कर दिया जाता है। इसके बाद निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार संबंधी गतिविधियों पर रोक रहती है। प्रचार के लिए दूसरे क्षेत्रों से आए गैर-मतदाता राजनीतिक कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद जनपद में नहीं रुकना चाहिए। ऐसे लोगों की मौजूदगी स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान की व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है प्रशासन ने निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने पर जोर दिया है। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। प्रशासन का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना है।

चिकित्सा शिविर में हजारों मेलार्थियों को मिली सुविधा

गोसाईगंज, अयोध्या। दुर्गा पूजा और रामलीला के अवसर पर गोसाईगंज कस्बे के मेन रोड पर आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का गुरुवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन हो गया। शिविर में हजारों श्रद्धालुओं और मेलार्थियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति की ओर से 20 अक्टूबर से आयोजित शिविर में पूर्व विधायक खब्बू तिवारी सहित विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। समिति की अध्यक्ष एवं सभासद आरती जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस पहल की जनप्रतिनिधियों ने सराहना की।पूर्व विधायक खब्बू तिवारी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं और मेलार्थियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है। जरूरतमंदों को समय पर स्वास्थ्य संबंधी सहायता मिलती है। समिति की ओर से आयोजित शिविर का उद्देश्य दुर्गा पूजा और रामलीला देखने आने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना था।